तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

12 पुरुषोत्तमनगर में यूथ फुटबॉल प्रीमियर लीग का भव्य...



12 छात्रों को युवा संवाद, जेंडर समानता और बाल...



[भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा]

खबर संक्षेप



हाटकोंदल में बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन

दुर्गूकोंदल। ग्राम पंचायत हाटकोंदल में बाजार शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य और सरपंच हरीशा मांडवी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर निखिल राठौर, वरुण खापड़े, नरेंद्र शर्मा, बीरू जैन, दरबू राम कोसमा, युवराज पटेल, मोहन ठाकुर, यशवंत तिवारी, गेंदसिंह ठाकुर, ललित हिडको, इंद्रजीत परचावी, मोहन पिपरे, सरोज कुमार मंडावी, रघुनाथ मडावी, बहुत सिंह यादव, कुशल मडावी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर जनदर्शन में मिले चालीस आवेदन



कांकेर। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे लोगों ने विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर 40 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बिजली, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन, टेकापानी में विद्युत केबल, ट्रांसफार्मर व सड़क निर्माण, आलानार में हैंडपंप तथा चिंवराज में स्कूल संबंधी सुविधाओं को निराकरण करने निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कुसुम पेड़ पर फांसी लगाकर की खुदकुशी



कांकेर। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत बोटेगांव निवासी 24 वर्षीय सम्मन लाल महावे पिता भागवत महावे 4 अक्टूबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने कार्पोरेशन जंगल में कुसुम पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

सेवा सेतु शिविर में हुआ समस्याओं का निराकरण

दुर्गूकोंदल। ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल में सेवा सेतु अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश का मौके पर निराकरण किया गया। राजस्व विभाग ने 47 आबादी पट्टे व 43 अद्यतन बी-1 प्रतियां वितरित कीं। पंचायत विभाग ने 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 33 पेंशन स्वीकृति और 5 जॉब कार्ड दिए। कृषि विभाग ने 7 किसान क्रेडिट कार्ड व 8 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। स्वास्थ्य विभाग ने 107 लोगों की जांच की। शिविर में एसडीएम अनिकेत फड़तरे, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार उर्वशा सहित अधिकारी मौजूद रहे।

फांसी लगाकर दे दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत आवासपारा कुरना निवासी 24 वर्षीय उमेश सिंह जुर्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 3 अक्टूबर को अपने घर के कमरा में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

मेंटनेंस के बाद भी बिजली का झटका, न्यूट्रल कटा तो घंटों गुल रही शहर की बत्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- शहरवासी विभाग की कार्यशैली पर उठा रहे उंगली, जताई नाराजगी
- दो दिन तक चला मरम्मत कार्य फिर भी सोमवार को कई इलाकों में बाधित रही आपूर्ति
- अचानक ठप हुई विद्युत आपूर्ति, घरों में हुई परेशानी कारोबार हुआ प्रभावित

खास खबर

शहर में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार दो दिन एक दिन वार्डवार और दूसरे दिन सब स्टेशन में मेंटेनेंस कार्य हुआ और उसके एक सप्ताह के अंदर सोमवार 5 अक्टूबर को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी।

मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के कुछ ही समय बाद न्यूट्रल में खराबी आने के कारण कांकेर शहर के कई हिस्सों में घंटों बिजली गुल रही। अचानक बिजली बंद होने से जहां लोगों को गर्मी और उमस के बीच परेशान होना पड़ा, वहीं बिजली पर निर्भर दुकानदारों, व्यापारियों और अन्य उपभोक्ताओं के कामकाज पर भी असर पड़ा। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से लगातार दो दिनों तक मेंटेनेंस का कार्य किया गया था।

इस दौरान कई क्षेत्रों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति बंद रखी गई थी। उपभोक्ताओं को उम्मीद थी कि मेंटेनेंस के बाद विद्युत व्यवस्था सुचारु और निर्बाध होगी, लेकिन कार्य समाप्त होने के बाद ही तकनीकी समस्या सामने आने से लोगों की परेशानी कम होने के बजाय बढ़ गई। सोमवार 5 अक्टूबर को न्यूट्रल कटने की समस्या के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली गुल होने के बाद लोगों को काफी देर तक विद्युत आपूर्ति बहाल होने का इंतजार करना

शेष पेज 12 पर



विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि दो दिनों तक मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद रहने के बाद भी यदि तकनीकी खराबी के कारण कई घंटे तक बिजली गुल रहती है, तो इससे उपभोक्ताओं को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने विद्युत विभाग से मेंटेनेंस कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने तथा तकनीकी खामियों को समय रहते दूर करने की मांग की है। लगातार मेंटेनेंस के बावजूद इस तरह की खराबी सामने आने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

समस्या : कलेक्टर कुंदन कुमार ने ग्रामीणों को दिया समाधान का आश्वासन

देवडोंगर का रपटा टूटा आवागमन बाधित, ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दुधावा जलाशय के नीचे बसे देवडोंगर के ग्रामीणों ने जल्द पुल निर्माण की उठाई मांग

खास खबर

देवडोंगर गांव के लोगों के लिए नदी पार करने का प्रमुख रास्ता बना रपटा पुल तेज बहाव की भेंट चढ़ चुका है। रपटा टूटने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर खेत-किसानी और अन्य जरूरी कामों के लिए नदी पार करने वाले ग्रामीण अब वैकल्पिक रास्तों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों ने टूटे रपटा पुल का जल्द निर्माण कर आवागमन बहाल करने की मांग की है।

कलेक्टोरेट पहुँचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम देवडोंगर दुधावा जलाशय के नीचे स्थित है। बांध से निकलने वाला पानी खजरावन और देवडोंगर के बीच से होकर महानदी में पहुंचता है। इस जलमार्ग को पार करने के लिए धमतरी के रूद्री सिंचाई विभाग द्वारा रपटा पुल का निर्माण कराया गया था। लंबे समय से यह पुल आसपास के ग्रामीणों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण साधन बना हुआ था। लेकिन इस वर्ष बारिश के दौरान जलाशय से छोड़े गए पानी और नदी में तेज बहाव के कारण रपटा पुल क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। रपटा के टूटने के बाद ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी समस्या नदी पार करने की खड़ी हो गई है। सामान्य दिनों में जिस रास्ते से ग्रामीण आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंच जाते थे, अब वहां पानी और टूटे पुल के कारण आवाजाही मुश्किल हो गई है।



दैनिक जरूरतों के लिए भी बढ़ी परेशानी

रपटा पुल के टूटने का सीधा असर ग्रामीणों की दिनचर्या पर पड़ा है। ग्रामीणों को बाजार, अस्पताल, स्कूल, शासकीय कार्यालय और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में दिक्कत हो रही है। किसानों के लिए भी खेतों तक पहुंचना और कृषि से जुड़े कार्य करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रपटा उनके लिए केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि आसपास के गांवों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है।

कलेक्टर ने समाधान का दिया भरोसा

ग्रामीणों की समस्या सामने आने के बाद कलेक्टर कुंदन कुमार ने उनकी बात सुनी और समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ लाने की जरूरत नहीं है। एक व्यक्ति आकर आवेदन दे सकता है, उसकी भी सुनी जाएगी। संबंधित विभाग से पतासाजी कर समस्या के निराकरण को लेकर प्राथमिकता दी जाएगी।

लागों ने रखी अपनी समस्या

ग्रामीणों ने अपनी परेशानी कलेक्टर के समक्ष रखते हुए कहा कि हर वर्ष बारिश के दौरान नदी का जलस्तर और बहाव बढ़ जाता है। ऐसे में रपटा पुल को मजबूत और सुरक्षित तरीके से बनाया जाना जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल अस्थायी मरम्मत के बजाय ऐसा स्थायी समाधान किया जाए, जिससे भविष्य में तेज बहाव के दौरान पुल के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति न बने। ग्रामीणों ने कहा कि पुल का निर्माण जल्द होने से देवडोंगर सहित आसपास के गांवों के लोगों को भी राहत मिलेगी।

मुख्यमार्गों पर यातायात बाधिक, 53 दुकानदारों को दी नोटिस और चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर शहर की सड़कों और फुटपाथों पर दुकान का सामान फैलाकर यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले दुकानदारों के खिलाफ यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है।

सोमवार 5 अक्टूबर को शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और व्यस्त इलाकों में विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे सामान रखने वाले 53 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया। इस दौरान दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क किनारे सामान रखकर यातायात बाधित करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने शहर के अपर-नीचे रोड से लेकर सेन चौक, ज्ञानी ढाबा चौक, बरदेभाठा और पंडरीपानी

शेष पेज 12 पर

दोबारा सामान मिला तो होगी कार्रवाई

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि फिलहाल संबंधित 53 दुकानदारों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई है। इसके बावजूद दोबारा सड़क किनारे सामान रखकर यातायात बाधित करते पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने व्यापारियों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें। दुकानों के सामने सड़क और फुटपाथ पर सामान न फैलाएं, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दुकानदारों के साथ आम नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है।

भतीजी को तंग नहीं करने की समझाई दी, तो युवक ने परिजनों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना बांदे अंतर्गत भतीजी को परेशान करने वाले युवक को समझाने उसके घर पहुंचे परिजनों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। घटना में दो लोगों को चोटें आई हैं।

थाना बांदे में शिकायत करने पहुंचे 40 वर्षीय बोकुलटोला निवासी प्रकाश मंडल पिता प्रफुल्ल मंडल ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उनकी भतीजी पूनम मंडल की करीब छह-सात महीने पहले नेताजीपल्ली निवासी विशाल सिकदार, पिता तपन सिकदार से जान-पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत होती थी। करीब एक माह पहले पूनम को युवक के शराब एवं नशे का सेवन करने की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने उससे बातचीत बंद कर दी। बातचीत बंद करने के बाद विशाल सिकदार पूनम को परेशान करने लगा। इसकी जानकारी मिलने पर 4 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे प्रकाश मंडल अपने छोटे भाई सुकान्त मंडल और उसकी पत्नी गीता मंडल के साथ विशाल के घर उसे समझाने पहुंचे थे। बातचीत के दौरान विशाल सिकदार ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-मुक्के से प्रकाश मंडल तथा उनके छोटे भाई सुकान्त मंडल के साथ मारपीट की। मारपीट में प्रकाश मंडल के बाएं माथे के पास चोट लगी, जिससे खून निकलने लगा। वहीं सुकान्त मंडल की बाईं आंख के नीचे भी

शेष पेज 12 पर



चाचा-चाची और भाई घायल

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में गोरखधंधा जारी

घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

परलकोट क्षेत्र के बाजारों और प्रमुख मार्गों पर संचालित चाट, समोसा, नाश्ता और फास्ट फूड की दुकानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के कथित व्यावसायिक उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने पर गैस रिसाव अथवा आगजनी की स्थिति में गंभीर परेशानी उत्पन्न हो सकती है।

पखांजुर के स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक गैस सिलेंडर के बजाय घरेलू उपयोग वाले लाल रंग के सिलेंडरों से



खुलेआम खाना पकाया जा रहा है। इससे एक ओर घरेलू गैस की उपलब्धता प्रभावित होने की आशंका है, वहीं दूसरी ओर भीड़भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। नियमों के अनुसार व्यावसायिक गतिविधियों में निर्धारित व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडर का उपयोग किया जाना चाहिए। इसके बावजूद परलकोट क्षेत्र में कई दुकानों और ठेलों पर

शेष पेज 12 पर

पत्थर हटाने पर अंडी में विवाद चार लोगों ने पड़ोसी को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

घर के सामने रखा एक पत्थर हटाना पड़ोसियों के बीच इतना बड़ा विवाद बन गया कि मामला गाली-गलौज से शुरू होकर मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि एकमत होकर चार लोगों ने ग्रामीण के साथ विवाद करते हुए न केवल गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी, बल्कि पत्थर उठाकर उसके पैर पर पटक दिया। घटना में ग्रामीण के बाएं पैर में चोट आई है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम अण्डी निवासी 35 वर्षीय नकुल पाण्डे पिता वासुदेव पाण्डे ने थाना कोरर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे घर के सामने एक पत्थर रखा हुआ था, जिसे पड़ोस में रहने वाले कोमल निषाद ने दूसरी जगह पहुँचा दिया। पत्थर हटाए जाने को लेकर शिकायतकर्ता के पिता ने आरोपी से पूछताछ की। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि कोमल निषाद, उसकी पत्नी भगवती निषाद, लखन निषाद और विमला निषाद ने एक राय होकर शिकायतकर्ता के पिता के साथ गा ली - ग लौ ज शुरू कर दी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पास में रखे पत्थर को उठाकर शिकायकर्ता के पिता पर पटक दिया, जिससे उनके बाएं पैर में चोट आई। इसके बाद उनके साथ हाथ-मुक्के से मारपीट

शेष पेज 12 पर



ड़ोसी के पैर पर पत्थर पटका

कृत्रिम अंग से मिलेगी नई उड़ान, 7 को जगदलपुर में लगेगा दिव्यांग शिविर

सेवा संकल्प दिव्यांजनों के लिए आत्मनिर्भरता का द्वार

किसी दिव्यांग व्यक्ति के लिए कृत्रिम अंग महज एक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक मजबूत कदम होता है। इसी सोच के साथ सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत कांकेर जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर्स सहित विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की बड़ी पहल की जा रही है।

शिविर के लिए यह दस्तावेज जरूरी

आयोजित दिव्यांगजनों शिविर में आने वाले हितग्राहियों को आधार कार्ड की प्रति एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र लाना होगा। शिविर स्थल तक जगदलपुर ले जाने एवं लाने के लिए जिले से 31 वाहनों की व्यवस्था की गई है, दिव्यांगजनों की सहायता के लिए सहायक भी नियुक्त किए गए हैं। जिला प्रशासन विशेष रूप से नक्सल मुक्त क्षेत्रों के पात्र दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं से जोड़ने पर जोर दे रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कलेक्टर कुन्दन कुमार मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, जगदलपुर में आयोजित निःशुल्क विशाल दिव्यांग शिविर में 7 अक्टूबर को कांकेर जिले के पात्र दिव्यांगजन लाभान्वित होंगे, इसी दिन दिव्यांग को जगदलपुर रवाना किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम हाथ, पैर एवं कैलिपर्स के साथ ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी, वॉकर सहित अन्य उपयोगी सहायक उपकरण दिए जाएंगे। कृत्रिम हाथ, पैर एवं कैलिपर्स जैसे सहायक उपकरण जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सामान्य रूप से आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। ऐसे में जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में आयोजित निःशुल्क दिव्यांग शिविर बड़ी पहल साबित हो रहा है। शिविर की खास बात यह है कि दिव्यांगजनों की मौके

शेष पेज 12 पर

सात विकासखण्डों के हितग्राही होंगे लाभान्वित

शिविर में कांकेर जिले के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, चारामा, दुर्गूकोंदल, कांकेर, कोयलीबेड़ा एवं नरहरपुर विकासखण्डों से दिव्यांगजन शामिल होंगे। आज तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार अंतागढ़ से 35, भानुप्रतापपुर से 44, चारामा से 76, दुर्गूकोंदल से 93, कांकेर से 72, कोयलीबेड़ा से 17 तथा नरहरपुर से 59 दिव्यांगजनों को शिविर में लाभान्वित किया जाना है, इसके अलावा भी दिव्यांगजनों को उक्त शिविर में लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में कृत्रिम अंग वाले 110 हितग्राहियों तथा सहायक उपकरण के लिए 290 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

कुरना में गौ सम्मान अभियान के तहत हुआ न्योता भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को ग्राम कुरना में न्यौता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री श्री अश्विनी भैरव दास महानदी वाले बाबा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में माध्यमिक शाला कुरना, प्राथमिक शाला कुरना एवं आवासपारा कुरना के विद्यार्थियों सहित पालक एवं शिक्षक शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों और उपस्थित ग्रामीणों को गौ संरक्षण तथा भारतीय परंपरा में गौ माता के महत्व की जानकारी दी गई। माध्यमिक शाला कुरना के प्रधान पाठक जीवन लाल कुंजाम ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने तथा गौ हत्या रोकने के लिए जनजागरूकता फैलाना है।



उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन से भी जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। न्यौता भोजन के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजकों ने बच्चों को गौ सेवा, पशु संरक्षण और जीवों के प्रति दया एवं संवेदना का महत्व बताया। साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने तथा

शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप



कृषि महाविद्यालय में रेबीज जागरूकता कार्यक्रम

नारायणपुर। लिंगो मुड़ियाल कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, नारायणपुर में रेबीज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को रेबीज रोग, इसके संक्रमण, बचाव तथा समय पर उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय की डीन डॉ. रत्ना नशिने सहित डॉ. हुमेंद्र शिवाना, मिस उमा साहू, डॉ. पुष्पराज दीवान, डॉ. नरेंद्र कुमार नाग एवं दीपेश रावत उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान रेबीज के कारण, संक्रमण के माध्यम, पशु के काटने पर अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी संक्रमित पशु के काटने या खरोंच लगने की स्थिति में घाव को तुरंत साबुन एवं बहते पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए और बिना देरी किए चिकित्सकीय सलाह लेकर आवश्यक एंटी-रेबीज टीकाकरण करवाना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में रेबीज की रोकथाम एवं जन-जागरूकता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई। कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानवर्धक एवं जागरूकतापूर्ण रहा।

तीन दिन से लापता महिला का डबरी में मिला शव

फरसगांव। थाना क्षेत्र के आंवराभाटा कोटेलभट्टी गांव में तीन दिन से लापता महिला भोजबती मरकाम का शव सोमवार सुबह खेत की डबरी में मिला। सूचना पर फरसगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मर्ग रिपोर्ट के अनुसार मृतका भोजबती मरकाम 39 वर्ष, पति मनसाराम मरकाम निवासी कोटेलभट्टी है। बताया गया कि महिला 3 अक्टूबर की सुबह करीब 7 बजे घर से खेत की डबरी की ओर गई थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। 5 अक्टूबर की सुबह करीब 6.30 बजे डबरी की ओर गए ग्रामीणों ने पानी में महिला का शव देखा, जिसकी पहचान भोजबती मरकाम के रूप में की गई। प्रारंभिक जानकारी में मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

माकड़ी में पिछड़ा वर्ग समाज का ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम

कोण्डागांव। पिछड़ा वर्ग समाज का पारंपरिक ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम इस वर्ष भी माकड़ी के मंडी प्रांगण में उत्साह साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के साथ दूर-दराज इलाकों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। जोहारनी कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर नवाखाई पर्व मनाया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ समाजजनों ने पर्व की खुशियां साझा कीं और आपसी मेल-जोल एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद बस्तर दिनेश कश्यप एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम प्रमुख रूप से शामिल हुए। इनके अलावा पिछड़ा वर्ग समाज के जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना रहा। समाजजनों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और आपसी संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि पारंपरिक आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का अवसर मिलता है।

लाइन कर्मचारी की मौत पर पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ने उठाए सवाल

केशकाल। केशकाल-विश्रामपुरी मार्ग पर विद्युत लाइन सुधारने के दौरान एक लाइन कर्मचारी के करंट की चपेट में आने से हुई मौत पर पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ध्रुव ने दुख जताया है। उन्होंने घटना को दुखद बताते हुए विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली और फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ध्रुव ने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों तक बिजली की सुविधा पहुंचाने और विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केशकाल-विश्रामपुरी मार्ग पर लाइन सुधार कार्य के दौरान कर्मचारी के करंट की चपेट में आने और पोल से गिरने के बाद उसकी मौत होना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि फील्ड कर्मचारियों को विद्युत लाइन पर कार्य करने से पहले पुख्ता शटडाउन, आवश्यक सुरक्षा उपकरण और निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल उपलब्ध कराया जाना चाहिए। कर्मचारियों के पास सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स सहित अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण होना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस से जिले के 121 गांवों को मिल रही नियमित परिवहन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को सुगम एवं नियमित परिवहन सुविधा से जोड़ने के उद्देश्य से 9 बसों का संचालन किया जा रहा है। इन बसों के माध्यम से जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों के 121 गांवों को परिवहन सुविधा का लाभ मिल रहा है। बस सेवाओं के संचालन से ग्रामीणों को बाजार, शासकीय कार्यालय, स्वास्थ्य संस्थानों, शिक्षण संस्थानों सहित अन्य आवश्यक सेवाओं तक आवागमन में सुविधा मिल रही है। इरागांव निवासी धनसू राम सेठिया ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत शुरू हुई बस सेवा पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले गांव में नियमित बस सेवा उपलब्ध नहीं थी, जिससे आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। अब बस सेवा शुरू होने से आवागमन आसान हो गया है और बाजार सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में सुविधा मिल रही है। केशकाल विधानसभा के इरागांव निवासी दीपा नेगी ने बताया कि पहले गांव से केशकाल आने-जाने में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नियमित परिवहन सुविधा नहीं होने के कारण आने-जाने में समय और परेशानी दोनों होती थी। अब मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस गांव तक पहुंच रही है, जिससे केशकाल आने-जाने में काफी आसानी हुई है। उन्होंने कहा कि गांव तक बस सेवा पहुंचने से रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए आवागमन सुविधाजनक हो गया है।

9 बसों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में मिली सहूलियत

आवागमन आसान हुआ

केशकाल निवासी सविता मरापी भी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा को अपने लिए उपयोगी बता रही हैं। सविता मरापी बिहान से जुड़कर पशु सखी के रूप में कार्य करती हैं, जिसके कारण उन्हें नियमित रूप से केशकाल सहित आसपास के क्षेत्रों में आना-जाना पड़ता है। गांव से कॉलेज जाने वाली छात्राओं को भी बस सेवा का सीधा लाभ मिल रहा है। नियमित बस सुविधा उपलब्ध होने से छात्राओं के लिए गांव से केशकाल कॉलेज तक आवागमन आसान हुआ है।



ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में बस सेवा को लेकर खुशी

बस संचालक धर्मेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत संचालित बसों से आम जनता को काफी लाभ मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में बस सेवा को लेकर खुशी है, क्योंकि अब बस उनके गांव तक पहुंच रही है और उन्हें नियमित आवागमन की सुविधा मिल रही है। योजना के अंतर्गत संचालित बसों के मार्ग एवं लाभान्वित गांवों में कोण्डागांव से मर्दापाल मार्ग पर 22 गांव, बहीगांव से विश्रामपुरी मार्ग पर 12 गांव, कोण्डागांव से कमेला मार्ग पर 06 गांव, छतोडी से कोण्डागांव मार्ग पर 17 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसी प्रकार कोनगुड़ से फरसगांव मार्ग पर 11 गांव, भैंसाबेड़ा से केशकाल मार्ग पर 18 गांव, कनकपुर से कोण्डागांव मार्ग पर 10 गांव, छतोडी से जगदलपुर मार्ग पर 17 गांव और माकड़ी से फरसगांव मार्ग पर 08 गांव के ग्रामीणों को नियमित आवागमन की सुविधा मिल रही है।

अधिकारी-कर्मचारियों और विभिन्न समाजों ने जुटाई राहत सामग्री

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया कोण्डागांव राहत सामग्री से भरे दो वाहन जगदलपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर संभाग में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए कोण्डागांव जिले से मानवीय सहायता का सिलसिला शुरू किया गया है। बाढ़ पीड़ितों की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों, विभिन्न समाजों और युवाओं ने मिलकर आर्थिक सहयोग एवं राहत सामग्री एकत्रित कर जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने की पहल की।

- जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई गई मदद

सहयोग से एकत्रित राहत सामग्री में गर्म कंबल, मच्छरदानी, साड़ी, बेडशीट सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल रही। राहत सामग्री से भरे दो पिकअप वाहनों को कोण्डागांव से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया, जहां से इसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रें में पहुंचाया गया। राहत अभियान के तहत कोण्डागांव के गोंडवाना भवन में सभी समाजों के लोगों से पहनने योग्य पुराने एवं नए कपड़े भी एकत्रित किए गए। उद्देश्य था कि बाढ़ में अपना सामान गंवा चुके परिवारों को तत्काल उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। एकत्रित राहत सामग्री को लोहंडीगुड़ा के पास ग्राम चंदनपुर लिटिभाटा, ग्राम कुम्हली चोंडी घाट, नारायणपाल और घोटिया सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रें में पहुंचाकर जरूरतमंद परिवारों को वितरित किया गया।



बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के सामने हालात बेहद चुनौतीपूर्ण बताए जा रहे हैं। कई परिवारों को अपना घर छोड़कर सड़कों पर रात गुजारने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कई घर बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि कुछ मकानों की दीवारों में नमी और कीचड़ भर जाने से उनके गिरने का खतरा बना हुआ है। बाढ़ के कारण अनेक परिवारों के पासबुक, अंकसूची और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी खराब हो गए हैं। ऐसे में राहत सामग्री के साथ-साथ प्रभावित परिवारों को अन्य आवश्यक सहायता की भी जरूरत महसूस की जा रही है। राहत कार्य में सर्व आदिवासी समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रभाग, बस्तर संभाग के साथ गोटुल कोंडानार के युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं ने राहत सामग्री एकत्रित करने, उसे व्यवस्थित करने और प्रभावित क्षेत्रें तक पहुंचाने में वालंटियर के रूप में सहयोग किया। राहत अभियान में नरसिंह मंडावी, सुरेश नेताम, दशरथ नेताम, जायनाथ नेताम, ओमप्रकाश नाग, बंसी मंडावी, गुंडाधुर, तपेश्वरी नेताम, बिनीता, शिवा नेताम, ओमराज नेताम, शंकर नेताम, सिद्धार्थ महाजन सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

कोण्डागांव से बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई गई यह सहायता आपदा की घड़ी में सामाजिक एकजुटता और मानवीय संवेदना की मिसाल बनकर सामने आई है। अभियान से जुड़े लोगों का प्रयास है कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें इस कठिन समय में राहत और सहारा दिया जा सके।

एनएच -30 पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक, मामा की मौत, भांजा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



नेशनल हाईवे-30 पर सारबेडा के पास रविवार रात करीब 10.30 बजे सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे बाइक टकराने से मामा शिवलाल मरकाम की मौत हो गई, जबकि उनका भांजा मनोज सलाम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कांकेर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार शिवलाल मरकाम और मनोज सलाम बाइक क्रमांक सीजी 27 टी 6514 से जगदलपुर गए थे। वापस फरसगांव लौटते समय सारबेडा के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 17 केएस 6918 के पीछे जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने शिवलाल को मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। फरसगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घर का इकलौता बेटा था शिवलाल

परिजनों के मुताबिक मृतक शिवलाल मरकाम घर का इकलौता पुत्र था। उसकी शादी भी नहीं हुई थी। शिवलाल की मौत से परिवार में मातम पसरा है और उसकी बुजुर्ग मां के सामने भी परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है।

बिना सांकेतिक चिन्ह खड़े ट्रक पर सवाल

हादसे के बाद परिजनों ने सड़क पर खड़े ट्रक को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि ट्रक के पीछे कोई सांकेतिक बोर्ड या चेतावनी चिन्ह नहीं लगाया गया था, जिसके चलते बाइक सवारों को खड़े ट्रक का अंदाजा नहीं हो सका। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी मस्सुकोकोड़ा में सड़क किनारे बिना सांकेतिक चिन्ह खड़े खराब ट्रक से बोलेरो टकरा गई थी, जिसमें एक युवक की मौत और दो युवक घायल हुए थे। इससे हाईवे पर खराब या खड़े वाहनों के पीछे सुरक्षा संकेतक लगाने की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

हाईकोर्ट जज संजय कुमार ने कोण्डागांव जिला न्यायालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के न्यायमूर्ति एवं कोण्डागांव जिला न्यायालय के पोर्टफोलियो जज संजय कुमार जायसवाल ने 3 अक्टूबर को जिला न्यायालय कोण्डागांव का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालयीन व्यवस्थाओं, निर्माणाधीन अधोसंरचना और सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण से पहले न्यायमूर्ति जायसवाल ने जिला विश्राम भवन में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में न्यायालयीन अधोसंरचना सहित अन्य संबंधित कार्यों को निर्धारित समयावधि में योजनाबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान न्यायालय के मीटिंग हॉल में न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर संवाद किया। अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्यों से जुड़े विभिन्न विषयों के साथ अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया। न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओं की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके बाद न्यायमूर्ति ने न्यायाधीशों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों के लिए निर्माणाधीन आवास गृहों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

- न्यायालयीन अधोसंरचना और निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

निरीक्षण के क्रम में निर्माणाधीन नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का भी अवलोकन किया गया। न्यायमूर्ति ने भवन निर्माण की प्रगति, न्यायालयीन कक्षों, विभिन्न सुविधाओं तथा भविष्य में न्यायिक कार्योंर् के लिए विकसित की जा रही अधोसंरचना का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य एवं प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय परिसर के निरीक्षण के दौरान वर्तमान व्यवस्थाओं के साथ भविष्य में विकसित की जा रही न्यायिक अधोसंरचना का भी अवलोकन किया गया। न्यायमूर्ति ने न्यायालयीन व्यवस्थाओं को अधिक सु-दृ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए।



जेपरा में गोटूल स्पोर्ट्स एकेडमी की छठवीं शाखा का शुभारंभ

चारामा। ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के बच्चों और युवाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से ग्राम जेपरा में गोटूल स्पोर्ट्स एकेडमी की छठवीं शाखा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत जेपरा की सरपंच सोहद गंगासागर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। शाखा शुरू होने से क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को गांव में ही नियमित खेल प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में उपसरपंच रोहित जैन, ग्राम गायता विष्णु पटेल, ग्राम प्रमुख नारायण सिंह कोमरा सहित एकेडमी के कार्यकारिणी सदस्य, प्रशिक्षक, युवा साथी, अभिभावक एवं प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे मौजूद रहे। एकेडमी के सदस्यों ने बताया कि ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। एकेडमी में एथलेटिक्स, दौड़ सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभावान खिलाड़ियों को जिला, संभाग और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। एकेडमी के माध्यम से युवाओं को नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हुए खेल गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया जाएगा। साथ ही बच्चों में शारीरिक फिटनेस, आत्मविश्वास, समयबद्धता, मेहनत और टीम भावना विकसित करने के लिए नियमित अभ्यास कराया जाएगा।

पुरुषोत्तमनगर में यूथ फुटबॉल प्रीमियर लीग का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर



ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम पुरुषोत्तमनगर के स्थानीय खेल मैदान में यूथ फुटबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में सरदार एफसी और सिल्वर हॉक्स की टीमें आमने-सामने रहीं। मैच को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

- 16 टीमें दिखाएंगी दमखम
- उद्घाटन मैच में सरदार एफसी और सिल्वर हॉक्स के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा की अध्यक्ष श्यामबती मण्डावी, विशिष्ट अतिथियों के रूप में ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमनगर की सरपंच दीपा दास एवं जनपद पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह में प्रेम दास, सूलता मण्डल, बादल मण्डल, बाबन मण्डल, आनन्द बैद्य, निबास सरकार, तपन विस्वास, कानाई पाढ़ई, धिरज बाड़ई, नितेश राय, संजय देवनाथ, सूनिल मण्डल, अच्युत मण्डल, रामकृष्ण सरकार, महाननन्द बैद्य, बापी शील, नरोत्तम देवनाथ, अनुप विस्वास एवं मंगल तरफदार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 50,001 रुपए का प्रथम पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को 30,001 रुपए का द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 16 अक्टूबर 2026 को खेला जाएगा।

प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें दो पूलों में भाग ले रही हैं। पूल ए में सरदार एफसी, सिल्वर हॉक्स, पी.वी.-114, भाई-भाई, आस्था एंटरप्राइजेज, बोगन एफसी, रंगबाज और रेंगाडांड शामिल हैं। वहीं पूल बी में पुरुषोत्तमनगर, पीवी 38, पखांजूर जूनियर, स्टार बॉयज, यूनाइटेड एफसी, पीवी 20, बिस्वास एफसी और सुरेश एफसी रेंगावाही की टीमें शामिल हैं।

पेज 11 के शेष

मेंटनेंस के बाद भी बिजली...

पड़ा। कई घरों में बिजली से संचालित उपकरण बंद हो गए। दुकानों और छोटे व्यवसायों में भी काम प्रभावित हुआ। बिजली नहीं होने के कारण पानी की मोटर, कूलर, पंखे सहित अन्य विद्युत उपकरण भी बंद रहे।

मुख्यमार्गों पर यातायात बाधित...

क्षेत्र तक अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे दुकान का सामान रखने वाले दुकानदारों को चिह्नित कर नोटिस जारी किए गए। पुलिस ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखने और सड़क तथा फुटपाथ को आवागमन के लिए खाली रखने के निर्देश दिए। शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के सामने सामान रखने से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। इससे वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यस्त समय में ऐसी स्थिति यातायात जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा सकती है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर दुकानदारों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

भतीजी को तंग नहीं करने...

चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर बांदे पुलिस ने आरोपी विशाल सिकदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 296 और 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

घरेलू गैस का व्यावसायिक

घरेलू सिलेंडरों के इस्तेमाल की शिकायत सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कम लागत में काम चलाने के उद्देश्य से कुछ दुकानदार घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं। बाजार क्षेत्र में कई स्थानों पर सड़क किनारे ठेलों पर खुले में गैस चूल्हे और भट्ठियां संचालित की जाती हैं। इनके आसपास बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों की आवाजाही होती है। नागरिकों के मुताबिक कई दुकानों पर अग्निशमन उपकरण सहित जरूरी सुरक्षा इंतजाम भी नजर नहीं आते। ऐसे में गैस रिसाव अथवा आगजनी की स्थिति में गंभीर परेशानी उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय नागरिकों और जागरूक लोगों ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा प्रशासन से पखांजूर सहित पूरे परलकोट क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाने की मांग की है।

पत्थर हटाने पर अंडी...

किए जाने का भी आरोप है। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद को शांत कराया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर कोरर पुलिस ने आरोपी कोमल निषाद, भगवती निषाद, लखन निषाद और बिमला निषाद के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

सेवा संकल्प दिव्यांजनों...

पर ही जांच और आवश्यक माप लेकर उनकी जरूरत के अनुसार कृत्रिम हाथ, पैर एवं कैलिपर्स उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क होगी। एक ही स्थान पर जांच से लेकर उपकरण उपलब्ध होने तक की प्रक्रिया पूरी होना दिव्यांगजनों के लिए बड़ी राहत है। इससे उन्हें लंबी प्रक्रिया और आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी। शिविर में तीन वर्ष से अधिक पुराने कृत्रिम अंगों को बदलने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिले के दिव्यांगजनों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

छात्रों को युवा संवाद, जेंडर समानता और बाल सुरक्षा की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के शाउमावि कोदापाखा में मैत्री युवा मंच के माध्यम से युवा संवाद जेंडर समानता की एक पहल कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैतन्य वाइज संस्था के सहयोग से हुए कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को लैंगिक समानता, बाल अधिकार, व्यक्तिगत सुरक्षा और विभिन्न प्रकार के अपराधों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में चैतन्य संस्था की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पूर्णिमा मंडल ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों और बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ होने वाला शोषण शारीरिक के अलावा मानसिक, भावनात्मक, यौन एवं डिजिटल माध्यमों से भी हो सकता है। ऐसी किसी भी स्थिति में चुप रहने के बजाय अभिभावक, शिक्षक अथवा विश्वसनीय व्यक्ति से जानकारी साझा कर उचित सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। युवा संवाद के दौरान बाल विवाह, बाल नशा, बाल श्रम, बाल अपराध और डिजिटल अपराध जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। विद्यार्थियों को इनसे होने वाले व्यक्तिगत एवं सामाजिक प्रभावों के साथ-साथ बचाव के उपाय बताए गए। मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध और डिजिटल माध्यमों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। पूर्णिमा मंडल ने जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के लिए 1098, 1091, 181, 112 और 1930 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, दो अपचारी बालकों पर भी कार्रवाई

कांकेर। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपहरण करने और दुष्कर्म के मामले में कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। प्रकरण में विधि से संघर्षरत दो बालकों की भूमिका सामने आने पर किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है।



प्रार्थी ने थाना कांकेर पहुंचकर अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में थाना कांकेर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी एवं अन्य माध्यमों से बालिका की लगातार पतासाजी की। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं उनके सहयोगियों के कब्जे से बालिका को सकुशल बरामद किया। पीड़िता के कथन तथा विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 64(1), 64(2)(एम), 65(1), 3(5) बीएनएस तथा धारा 4, 6 पॉक्सो अधिनियम जोड़ी गई। मामले में गोविन्दपुर निवासी 24 वर्षीय डोमेश पटेल पिता राकेश पटेल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। वहीं विधि से संघर्षरत दो बालकों की भूमिका पाए जाने पर उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि संबंधी जानकारी तैयार कर परिजनों को सूचित किया गया तथा किशोर न्याय अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप

दिव्यांगजनों को वितरित किए गए श्रवण यंत्र व छड़ी



दंतेवाड़ा। जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा बड़े तुमनार में शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों को योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। शिविर के दौरान विधायक चैतराम अटामी के कर-कमलों से दो दिव्यांग हितग्राहियों को एक-एक श्रवण यंत्र एवं छड़ी प्रदान की गई। सहायक उपकरण प्राप्त होने पर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार जताया। शिविर में दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन योजना, यूडीआईडी प्रमाण-पत्र, सहायक उपकरण सहित अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया भी की गई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिलाओं को पौष्टिक आहार के प्रति किया प्रेरित



भोंड। महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण तथा मातृ-शिशु देखभाल को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनजागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है। इसी कड़ी में परियोजना अधिकारी सावित्री बघेल के निर्देशन एवं लामकेर सेक्टर की प्रभारी गायत्री साहू के मार्गदर्शन में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने वाली कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और अन्य हितग्राहियों को स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने के प्रति जागरूक किया गया।

सुकमा में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ईएमआरएस सुकमा में आयोजित क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का 4 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के 11 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाओं का चयन

लगभग 360 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपने हुनर, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, तीरंदाजी, टेबल टेनिस एवं योगा सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। अलग-अलग खेलों में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ मैदान में उतरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और टीम भावना, अनुशासन तथा प्रतिस्पर्धात्मक खेल भावना का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विभिन्न ईएमआरएस विद्यालयों से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर आगामी राज्य स्तरीय ईएमआरएस खेलकूद प्रतियोगिता के लिए श्रेष्ठ खिलाड़ियों एवं टीमों का चयन करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सुकमा क्लस्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाओं के निर्बाध एवं तकनीकी रूप से सफल संचालन में जिला खेल अधिकारी कमल कोसारिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने आयोजन व्यवस्था एवं खेल स्पर्धाओं के संचालन में समन्वय प्रदान किया। चयन समिति ने किया प्रतिभाओं का मूल्यांकन खिलाड़ियों के चयन एवं तकनीकी मूल्यांकन के लिए गठित राज्य स्तरीय चयन-सह-तकनीकी समिति में मुकेश कुमार सैनी, प्राचार्य ईएमआरएस तोकापाल, अक्षित जावला, पीईटी ईएमआरएस हिड़माडुला, आदित्य कुमार, ईएमआरएस अरछा तथा आरती, ईएमआरएस गदिया सहित संबंधित विशेषज्ञ शामिल रहे। समिति के सदस्यों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया। पूरे आयोजन की अध्यक्षता एवं समूची निगरानी ईएमआरएस सुकमा के प्राचार्य एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार द्वारा की गई। विद्यालय की आयोजन समिति, रेफरी, निर्णायकों, तकनीकी दल एवं सहयोगी कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ।

दो दिनों तक विद्यालय परिसर में खेल गतिविधियों को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। समापन समारोह के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

11 विद्यालयों के 360 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा





बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता होता है : खान

उद्घाटन एवं समापन समारोह में सुकमा जिले के डिप्टी कलेक्टर शाबाब खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना का भी विकास होता है।

प्रतिभा को निखारने का अवसर : राजीव

प्रतियोगिता के समापन के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने मुख्य अतिथि, अधिकारियों, जिला खेल अधिकारी, चयन-सह-तकनीकी समिति के सदस्यों, रेफरी, निर्णायकों, खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का अवसर मिलता है। क्लस्टर स्तरीय यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने का प्रभावी मंच बना।

आपकी मेहनत सच्ची है, तो सफलता स्वयं आपके कदम चूमेगी : दुशीला



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा

कलेक्टर आकाश छिकारा एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल के मार्गदर्शन, प्रेरणादायी नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में विकासखंड स्तरीय सुपर गर्ल प्रतियोगिता का उत्साहवर्धक आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास संवर्धन एवं उनकी अंतर्निहित कला-कौशल को एक सशक्त मंच प्रदान करना रहा। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को निखारने हेतु विभिन्न विधाओं का आयोजन किया गया, जिनमें एकल गायन, एकल चित्रकला, एकल भाषण, एकल वाद्य यंत्र वादन, कविता पाठ प्रतियोगिता में बच्चों ने अद्भुत उत्साह दिखाया। बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु प्रत्येक संकुल से शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी द्वारा विशेष रणनीति बनाई गई। उन्होंने विकासखंड स्तर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं की जवाबदेही तय करते हुए दूर-दराज के क्षेत्रों से छात्र-छात्राओं को अत्यंत सुरक्षित तरीके से कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं पुनः घर पहुँचाने के सख्त एवं संवेदनशील निर्देश दिए। कार्यक्रम में बालिकाओं के लिए रोल मॉडल के रूप में स्थानीय विभूतियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। जिसमें दुशीला भारद्वाज उप निरीक्षक पुलिस विभाग लोहण्डीगुड़ा विकासखंड की पूर्व छात्रा, जिन्होंने मेहनत के बल पर पुलिस सेवा में अपना स्थान बनाया। डॉ. रिचा सिंह चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य विभाग लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं।

दुशीला भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के संस्मरण साझा किए और कहा हमें केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर कला, संगीत, खेल व अन्य विधाओं में भी अपने कौशल का निरंतर प्रदर्शन करना चाहिए। प्रतियोगिता में जीत-हार सिक्के के दो पहलू हैं; हमारा एकमात्र ध्येय अपना शत-प्रतिशत प्रयास देना होना चाहिए। यदि आपकी मेहनत सच्ची है, तो सफलता स्वयं आपके कदम चूमेगी।

महिलाओं को पोषण व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

सेवा संकल्प योजना के अंतर्गत नगर पंचायत भोपालपटनम के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में आंगनबाड़ी मिलन उत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

- गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार की दी गई जानकारी बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं खेलकूद का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में नगर की महिला जनप्रतिनिधियों, पालकों, गर्भवती महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत की महिला एवं बाल विकास सभापति तनुजा कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी आर्यन राठौर ने की। यह आयोजन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना वासम के केंद्र में किया गया।आंगनवाड़ी मिलन उत्सव के दौरान महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। मेरी पौष्टिक थाली का प्रदर्शन कर महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान किस प्रकार का भोजन करना चाहिए, जिससे मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे।



बच्चों की प्रतिभा व स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया गया

कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष जोर दिया गया। बच्चों के लिए खेलकूद एवं मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता और स्वस्थ शिशु सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा एवं स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों एवं महिलाओं को न्योता भोज भी कराया गया।पोषण वाटिका के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य अतिथि तनुजा कुमार ने आंगनवाड़ी परिसर में मुनगा का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर बच्चों को कॉपी, पेन एवं खिलौने वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा आंगनवाड़ी केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं एवं योजनाओं के संबंध में अपने विचार रखे। वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाले लाभ एवं पंजीयन की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ग्राहक परेशान, बैंक में उमड़ रही भीड़

एक माह से बंद पड़ा है एसबीआई का एटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

बारसूर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का एटीएम पिछले एक माह से खराब पड़ा है। इससे न केवल हजारों ग्राहकों को परेशानी हो रही है, बल्कि बैंक कर्मचारियों पर भी अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया

- पैसे निकालने करना पड़ रहा लंबी दूरी तय

है। आश्चर्य की बात है कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस बैंक शाखा से हजारों ग्राहक और दर्जनों ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई हैं। एटीएम का मुख्य उद्देश्य बैंक में भीड़ को कम करना और छोटी राशि निकालने वाले आम ग्राहकों को सहूलियत देना होता है, लेकिन



एटीएम बंद होने से इसका लाभ न तो ग्राहकों को मिल पा रहा है और न ही बैंक कर्मियों को राहत मिल रही है। बारसूर में 195 बटालियन सीआरपीएफ तैनात है, साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। इन सभी के लिए यह एटीएम अत्यंत महत्वपूर्ण है। एटीएम खराब होने की स्थिति में सीआरपीएफ के जवानों, छात्रों और आम नागरिकों को पैसे निकालने के लिए 20 किलोमीटर दूर गीदम या 30 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा जाना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। प्रतिदिन सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों का बैंक में आना-जाना लगा रहता है। जरूरत पड़ने पर जब वे एटीएम पर जाते हैं तो उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। एटीएम बंद होने का सीधा असर बैंक शाखा और चॉइस सेंटर पर पड़ रहा है। सभी ग्राहकों का दबाव बैंक कर्मियों पर आ गया है, जिसके कारण बैंक परिसर दिन भर ग्राहकों की भीड़ से जाम रहता है और लेन-देन में भी देरी हो रही है। स्थानीय नागरिकों और किसानों ने बैंक प्रबंधन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि बारसूर के एसबीआई एटीएम को जल्द से जल्द सुधारा जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

बाढ़ प्रभावितों के लिए विशेष पैकेज की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/भोंड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 85 के विकासखंड बस्तर एवं बकावंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर विधायक लखेश्वर बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर प्रभावित परिवारों को तत्काल क्षतिपूर्ति राशि एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। विधायक ने बस्तर क्षेत्र के लिए विशेष राहत पैकेज जारी करने का भी आग्रह किया है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विधायक ने कहा है कि बस्तर क्षेत्र में लगातार हुई भारी वर्षा के बाद आई बाढ़ से ग्रामीण एवं आबादी वाले क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उनके अनुसार, बाढ़ की वजह से अनेक परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त या पूरी तरह नष्ट हुए हैं। बड़ी संख्या में किसानों की खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं तथा घरों में रखे अनाज, बर्तन, कपड़े और दैनिक उपयोग की सामग्री भी नष्ट हुई है। बच्चों की कापी-किताब, स्कूल ड्रेस और बस्ते तक बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।



- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को विधायक लखेश्वर बघेल ने लिखा पत्र

विधायक ने पत्र में बताया कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्वयं दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है। कई प्रभावित परिवारों के सामने पुनः जीवन शुरू करने की चुनौती है और कुछ परिवार अब भी अस्थायी ठिकानों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने राहत कार्यों के साथ-साथ प्रभावित परिवारों के दीर्घकालीन पुनर्वास की आवश्यकता पर जोर दिया है।

विधायक ने रखीं ये प्रमुख मांगें

प्रत्येक प्रभावित परिवार के लिए घोषित क्षतिपूर्ति राशि का अविलंब भुगतान किया जाए। पूरी तरह नष्ट हुए मकानों का तत्काल चिन्हांकन कर आवास निर्माण के लिए सहायता राशि स्वीकृत की जाए तथा प्रथम किश्त तत्काल जारी की जाए। बाढ़ से प्रभावित किसानों की खड़ी फसलों का उचित मूल्यांकन कर प्रति एकड़ सम्मानजनक क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए। बाढ़ में कापी-किताब, स्कूल ड्रेस और बस्ता गंवा चुके बच्चों को तत्काल आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। प्रभावित परिवारों के नष्ट हुए कपड़े, बर्तन एवं अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री के लिए आर्थिक सहायता अथवा सामग्री उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ में नष्ट हुए राजस्व रिकॉर्ड एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को पुनः तैयार करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बाढ़ में स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं के मशीन, उपकरण एवं अन्य सामग्री नष्ट होने से उन पर बैंक ऋण का भार बढ़ गया है। ऐसे मामलों का आकलन कर बैंक ऋण में राहत अथवा ऋण माफी पर विचार किया जाए। प्रभावित परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

विधायक बघेल ने पत्र में प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे नुकसान के सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने की मांग भी की है।

32 गढ़ महासभा हल्बा-हल्बी समाज ने मनाया नवा खाई जोहार भेंट पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



32 गढ़ महासभा हल्बा हल्बी समाज मुख्यालय बड़ेडोंगर के गढ़ मधोता में नवा खाई जोहार भेंट पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में एकत्रित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की विधिवत पूजा-पाठ से हुई। समाजजनों ने मां दंतेश्वरी से क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात नवा खाई जोहार भेंट की परंपरा निभाई गई। सभी ने एक-दूसरे को पैर छूकर नवा खाई की जोहार भेंट दी और बड़ों का आशीर्वाद लिया। परंपरा अनुसार चिवड़ा और गुड़ बांटकर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा को सहेजने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह पर्व केवल भेंट नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और भाईचारे का प्रतीक है।

कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष रतुराम मांझी, सचिव गुड्डु नाग, कोषाध्यक्ष पदम नाग, संरक्षक परशुराम मांझी, रणवीर कोकड़िया, घसुराम मांझी, हरदास शांडिल्य, बजनाथ शांडिल्य सहित महिला अध्यक्ष कमला मांझी और बड़ी संख्या में सगाजन उपस्थित रहे।

गांधी व शास्त्री के जयंती पर स्वच्छता अभियान



किरंदुल। भारत सरकार इस्पात मंत्रालय और मुख्यालय एनएमडीसी से प्राप्त निर्देशानुसार एनएमडीसी लिमिटेड की वृहद किरंदुल परियोजना बीआईओएम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम पर मनाया गया। 1 अक्टूबर को स्वच्छता सेवा के मौके पर एक दिन-एक घंटा-एक साथ थीम के तहत मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छ अभियान चलाकर प्रशासनिक भवन प्रांगण में सफाई की। 2 अक्टूबर को गांधी और शास्त्री की जयंती प्रशासनिक भवन प्रांगण में मनाई गई। रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक ने दोनों महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान परियोजना के अधिकारीगण, यूनियन पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इसी प्रकार स्वच्छता अभियान के तहत 2 अक्टूबर को दंतेश्वरी टॉवर अधिकारियों के आवासीय कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान नमिता नारायण, अध्यक्षता, प्रेरणा महिला समिति, जेसी दास मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एम.सुब्रमण्यन महाप्रबंधक टीआई, एस.नोमेश्वर राव अध्यक्ष, प्रदीप नामदेव सचिव एसकेएमएस यूनियन, धीरेन भूषण महाप्रबंधक खनन, बी.साम्या, महाप्रबंधक सामग्री, मधुसूदन, महाप्रबंधक संविदा, एस.गुहा उप महाप्रबंधक वित्त सहित अन्य वरि. अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित होकर पौधरोपण किया।

5 बच्चों का अन्नप्राशन व 18 गर्भवती माताओं की गोद भराई, पोषण जागरूकता को दिया बढ़ावा

दंतेवाड़ा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना किरंदुल एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी, किरंदुल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे। आंगनबाड़ी केंद्र के 5 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। वहीं 18 गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों से तैयार विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। विभागीय अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार, गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषण, बच्चों के पूरक आहार तथा नियमित स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में जानकारी दी।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

सीएम शिक्षा छात्रवृत्ति के लिए 30 तक मौका

कांकेर। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से 30 अक्टूबर तक आवेदन तक कर सकते है। योजना का लाभ राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयनित विद्यार्थियों को मिलेगा। पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

सेवा संकल्प बाइक रैली और पदयात्रा कल निकाली जाएगी

कांकेर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 07 अक्टूबर को कांकेर में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में बाइक रैली के साथ पदयात्रा भी निकाली जाएगी। तैयारी को लेकर कलेक्टर कुंदन कुमार ने जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सेवा ज्योति यात्रा में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को 07 अक्टूबर के प्रातः 08 बजे नया बस स्टैण्ड के पास स्थित डोम में उपस्थित होने कहा गया है। कलेक्टर द्वारा जिलेवासियों से भी सेवा ज्योति यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की गई है। समीक्षा बैठक पश्चात कलेक्टर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ नया बस स्टैण्ड के पास स्थित डोम में सेवा ज्योति यात्रा के लिए की जा रही तैयारियों का अवलोकन भी किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोजित बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, महेश जैन, राजा देवनानी, राजा पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम कांकेर सरस्वती बंजारे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

तालाकुर्रा में गूंजा रामधुनी का जयघोष भक्ति और संस्कृति के रंग में रंगा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता का भव्य समापन, देर रात तक चला मुकाबला

भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम ग्राम तालाकुर्रा में देखने को मिला। ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग और श्रद्धा से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता का भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। देर रात करीब 2 बजे तक रामधुनी की प्रस्तुतियों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। प्रतियोगिता के समापन के बाद सोमवार को पहली बार रामधुनी का विसर्जन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची रामधुनी मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। समापन समारोह में विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि रामधुनी जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन केवल भक्ति का माध्यम नहीं हैं, बल्कि समाज को जोड़ने, आपसी मेल-मिलाप बढ़ाने और परंपराओं एवं संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों ने ऐसे आयोजनों की परंपरा शुरू की, जिससे समाज की संस्कृति और सामाजिक एकता मजबूत बनी रहे। समापन अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच विनोद रावटे ने गांव की विभिन्न मूलभूत समस्याओं और विकास आवश्यकताओं को लेकर विधायक आशाराम नेताम के समक्ष मांग पत्र रखा। इसके साथ ही वीबी-ग्राम-जी के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों की मांग भी रखी गई।

सादा और झांकी प्रस्तुति में मंडलियों ने मारी बाजी

प्रतियोगिता के सादा प्रस्तुति वर्ग में प्रथम स्थान सुरसरिता रामधुनी मंडली पेटियाडीही, धमतरी ने हासिल किया। द्वितीय स्थान सिरसिदा, धमतरी और तृतीय स्थान गोजी, धमतरी की मंडली को मिला। वहीं झांकी प्रस्तुति वर्ग में प्रथम स्थान देवरी-भखारा, धमतरी, द्वितीय स्थान छछानपहरी, राजनांदगांव तथा तृतीय स्थान चार्राटोला, मानपुर की मंडली ने प्राप्त किया। मंडलियों की प्रस्तुतियों के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।



सामूहिक सहयोग से सफल हुआ आयोजन

रामधुनी प्रतियोगिता को सफल बनाने में ग्राम पटेल जोगीराम नुरेटी, नारायण सिंह जैन, झाड़ू राम नुरेटी, संतराम तेता, समारू राम कुलदीप, शिवप्रसाद यदु, समिति अध्यक्ष संजय जैन, उपसरपंच जितेंद्र साहू, उपाध्यक्ष ध्रुवकुमार साहू, कुलेश्वर मार्गीया, अश्वनी सोनी, सरिता साहू, सचिव मुकेश खावार्य, सहसचिव गजानंद जैन, हिरदे राम जैन और कोषाध्यक्ष हेमलाल कुलदीप सहित ग्राम विकास समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आबादी क्षेत्र में वन्यप्राणी दिखने पर वन विभाग को सूचना देने की अपील

वन्यप्राणी संरक्षण के लिए वन विभाग ने निकाली बाइक रैली व दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जंगल केवल पेड़-पौधों का समूह नहीं, बल्कि वन्यप्राणियों का प्राकृतिक घर भी है। इस घर को सुरक्षित रखना और इंसानों तथा वन्यप्राणियों के बीच बढ़ते टकराव को कम करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य को लेकर वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत सोमवार को कांकेर शहर में बाइक रैली सह जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने रैली के माध्यम से नागरिकों को वन्यप्राणियों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा का संदेश दिया। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा, इसका शुभारंभ 2 अक्टूबर को हुआ था। इसी कड़ी में वन परिक्षेत्र कांकेर एवं वन मंडल कांकेर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार 5 अक्टूबर को कांकेर शहर में बाइक रैली निकाली गई, जिसका शुभारंभ वन विश्राम गृह सिंगारभाट से हुआ और इसके बाद बाइक रैली गोविंदपुर, अर्जुनी, खपरापारा, अलबेलापारा, घड़ी चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों से होकर गुजरी। रैली के दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने नागरिकों को वन्यप्राणियों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। लोगों को बताया गया कि वन्यप्राणियों का संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

अभियान के दौरान वन्यप्राणियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, उनके प्राकृतिक आवास में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करने तथा उन्हें उकसाने या किसी तरह का नुकसान पहुंचाने से बचने की अपील की गई। साथ ही मानव-वन्यप्राणी द्वंद्व की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता और जागरूकता को जरूरी बताया गया। वन विभाग का यह जागरूकता अभियान लोगों को प्रकृति और वन्यजीवों के बीच संतुलन बनाए रखने तथा जंगलों और उनमें रहने वाले वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का संदेश देता नजर आया।



वन्यप्राणी दिखे तो खुद न जाएं पास

वन विभाग ने नागरिकों से अपील की कि यदि कोई वन्यप्राणी आबादी क्षेत्र में दिखाई दे, घायल हो या किसी संकट में फंसा हो तो उसके पास जाने या उसे नुकसान पहुंचाने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें। लोगों को सावधानी बरतने के साथ वन्यप्राणियों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी

कांकेर वनमंडल के वनमंडलाधिकारी शशिगानंदन के. का कहना है कि वन्यप्राणी संरक्षण केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी से ही प्रभावी बनाया जा सकता है। मानव और वन्यप्राणियों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने से जहां वन्यजीवों का संरक्षण संभव होगा, वहीं मानव जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।



ऑनलाइन आईपीएल सट्टा-बेटिंग के फरार आरोपी को धमतरी में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





जिले में अवैध जुआ, ऑनलाइन सट्टा और बेटिंग जैसी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत कांकेर पुलिस ने ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा-बेटिंग एप प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को धमतरी से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 80 हजार रुपये कीमत का आईफोन मोबाइल और करीब 6 लाख रुपये कीमत की क्रेटा कार जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 22 मई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ज्ञानी चौक के पास कुछ लोग मोबाइल के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में रुपये-पैसों का हार-जीत का ऑनलाइन सट्टा खिला रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की थी। इस दौरान 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने आईपीएल क्रिकेट सहित अन्य कैसीनो गेम में ऑनलाइन बेटिंग करने की बात स्वीकार की थी। मामले में थाना सिटी कोतवाली कांकेर में अपराध क्रमांक 170/2026, धारा 7, 8 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और उनके कथनों के आधार पर नितिन वर्दियानी उर्फ निक्की की संलिप्तता सामने आई। आरोप है कि वह ऑनलाइन सट्टा-बेटिंग एप के जरिए सट्टा खेलने-खिलाने और ऑनलाइन सट्टा आईडी उपलब्ध कराने का काम करता था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की विशेष टीम ने धमतरी स्थित उसके निवास से आरोपी आकाश गंगा कॉलोनी फेस 1 धमतरी निवासी 35 वर्षीय नितिन वर्दियानी उर्फ निक्की पिता महेश वर्दियानी को पुलिस अभिरक्षा में कांकेर लाया। पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी सहित आरक्षक ईश्वर साहू, रोशन राठौर, लक्ष्मण भास्कर, शक्ति सिंह और राकेश बघेल की भूमिका रही।

कोड़ेकुर्से सेवा सेतु शिविर में मिले 950 आवेदन व 975 हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

दुर्गूकोंदल। आकांक्षी विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम कोड़ेकुर्से में जन सेवा से देश सेवा की भावना और 25 वर्ष सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में 950 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 975 से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का उद्देश्य प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। आसपास के गांवों से ग्रामीण अपनी समस्याएं, मांग और आवेदन लेकर पहुंचे। कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। सेवा सेतु शिविर में ऑन-द-स्पॉट निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं लंबित अथवा विभागीय स्तर पर जांच की आवश्यकता वाले प्रकरणों में ग्रामीणों को आगे की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इससे ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। कलेक्टर कुंदन कुमार ने शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। अपेक्षित प्रगति नहीं होने वाले कार्यों को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाना है। जिला पंचायत सभापति देवेंद्र टेकाम ने कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने शिविर को प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधे संवाद का माध्यम बताया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, वन विभाग के अधिकारी, एसडीएम अनिकेत अशोक फड़तरे, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, जनपद सीईओ बेनूराम सुखदेवे सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, राजस्व तथा पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



कोयलीबेड़ा की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोयलीबेड़ा

कांग्रेसियों की माँग

कांग्रेसियों के द्वारा प्रदर्शन करने के दौरान माँग किया कि अंतागढ़ से कोयलीबेड़ा के मध्य डामरीकरण करने, स्मार्ट मीटर शीघ्र बदलने, कोयलीबेड़ा में जिला सहकारी एवं स्टेट बैंक की शाखा खोलने की मांग, फसल बीमा एवं कर्ज माफी की मांग, क्षेत्र के स्कूल भवन एवं आंगनबाड़ी जर्जर भवनों का नए निर्माण की मांग किया गया।

कोयलीबेड़ा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिरामतरई से कोयलीबेड़ा तक पदयात्रा निकालकर धरना -प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डबल इंजन की सरकार एवं सांसद विधायक के के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग किया। प्रदर्शन के अंत में संबंधित मुद्दों को लेकर पुतला दहन भी किया गया।

- धरना-प्रदर्शन कर पुतला दहन और की नारेबाजी

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई गांवों में आवागमन की सुविधा बेहतर नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बरसात सहित अन्य मौसम में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी भी है। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने के लिए आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरना स्थल पर नेताओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सरकार से क्षेत्र की लंबित मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

ऐसबेड़ा के सेवा सेतु शिविर में ऋण पुस्तिकाएं और प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और स्थानीय स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ग्राम पंचायत ऐसबेड़ा में ब्लॉक स्तरीय 'सेवा सेतु' जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में अंचल की 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिनभर चले शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी मांगों और समस्याओं को लेकर कुल 41 आवेदन दर्ज किए गए। आयोजित शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी और सेवाएं प्रदान कीं। प्रशासनिक तत्परता दिखाते हुए कार्यक्रम के दौरान ही 8 हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार अभिलेख, 12 किसानों को ऑनलाइन ऋण पुस्तिकाएं तथा 10 ग्रामीणों को आय प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शेष आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मंजू सरदार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा सेतु अभियान का मुख्य ध्येय शासन-प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी को समाप्त करना है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं और मांगें इन मंचों पर रखें, ताकि नियमों के दायरे में उनका त्वरित और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

इस अवसर पर ऐसबेड़ा सरपंच द्रोपदी उईके, गोविंदपुर सरपंच करिश्मा सरदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उदय प्रकाश नाग, तहसीलदार केतन भोयर सहित विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आज काउंसिलिंग

कांकेर। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यार्थी उड़ान योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 06 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। योजना के अंतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 05 जुलाई को आयोजित की गई थी। काउंसलिंग में अभ्यर्थियों से प्राथमिकता क्रम लिया जाएगा। काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थी दस्तावेजों के साथ 06 अक्टूबर को कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर में उपस्थित होना अनिवार्य है।

आमागढ़ स्कूल में उत्साह से मनाया विश्व शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में सोमवार 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस उत्साह, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों के त्याग, समर्पण और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को नमन किया गया। विद्यालय परिसर गुरु वंदन और शिक्षक सम्मान की भावना से सराबोर रहा। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, विचार और भविष्य का निर्माण करते हैं। प्रभारी प्राचार्य उदे राम भुआर्य ने गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सबल दीवान ने अनुशासन और संस्कार को सफलता की आधारशिला बताया, जबकि विनोद साहू ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया। ममता रावटे ने समय के सदुपयोग और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया। अनिल वर्मा ने नैतिक मूल्यों, परिश्रम और सच्चरित्रता को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों आकांक्षा, भूमिका और मौजूमदर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता जताई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक-विद्यार्थी संवाद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं।

अंत में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय को ज्ञान, संस्कार और अनुशासन का केंद्र बनाने, नियमित अध्ययन, स्वच्छता, सद्व्यवहार और गुरुजनों के सम्मान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य उदे राम भुआर्य, सबल दीवान, विनोद साहू, बृजेश साहू, रामनाथ गोटा, सुरेंद्र उइके, ममता रावटे, अनिल वर्मा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

तारंदुल के सेवा सेतु अभियान में वनांचल के ग्रामीणों को योजनाओं का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत तारंदुल में 4 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जैविक उत्पाद निर्माण करने वाले महिला स्व-सहायता समूहों को सहायता राशि के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान एक महिला स्व-सहायता समूह को 1 लाख रुपए तथा तीन समूहों को 75-75 हजार रुपए की सहायता राशि के वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मत्स्य विभाग की ओर से भी ग्रामीण किसानों को मत्स्य पालन से जोड़ने के उद्देश्य से सामग्री का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत 85 किसानों को मिट्टी जांच प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती और मिट्टी की गुणवत्ता के आधार पर कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम खसगांव के किसान फगनू राम कावड़े, ग्राम डुमरकोट के जोहर लाल टेकाम तथा ग्राम कराठी के सुरेश दरपट्टी को मछली जॉली प्रदान की गई। विभागीय अधिकारियों ने मत्स्य पालन को आय का अतिरिक्त साधन बनाने के लिए उपलब्ध योजनाओं की जानकारी भी दी। इसी तरह उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से पौधों का संरक्षण करने और अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने की अपील की। सेवा सेतु शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिलने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, एसडीएम आईएएस अनिकेत अशोक फड़तरे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, जनपद उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े, जनपद सदस्य सरोज मरकाम सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।





तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.